प्रधानमंत्री ने जोधपुर में लगभग 5000 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी

चर्चा में क्यों?

5 अक्तूबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के जोधपुर में सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में लगभग 5000 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया।

प्रमुख बिंदु

- इन परियोजनाओं में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में 350 बिस्तरों वाला 'ट्रॉमा सेंटर और क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक' और पूरे राजस्थान में प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के तहत विकसित किये जाने वाले सात क्रिटिकल केयर ब्लॉक शामिल हैं।
- एम्स जोधपुर में 'ट्रॉमा, इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर' के लिये एकीकृत केंद्र 350 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया जाएगा। इसमें ट्राइएज, डायग्नोस्टिक्स, डेकेयर वार्ड, निजी कमरे, मॉड्यूलर ऑपरेटिंग थिएटर, आईसीयू और डायलिसिस कक्ष जैसी विभिन्न सुविधाएँ शामिल होंगी।
- यह रोगियों को बहु-विषयक और व्यापक देखभाल प्रदान करके ट्रॉमा और आपातकालीन मामलों के प्रबंधन में एक समग्र दृष्टिकोण लाएगा।
- प्रधानमंत्री ने जोधपुर हवाई अड्डे पर अत्याधुनिक नए टर्मिनल भवन के विकास की आधारशिला भी रखी। कुल 480 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली नई टर्मिनल बिल्डिंग लगभग 24,000 वर्गमीटर क्षेत्र में विकसित की जाएगी और व्यस्त समय के दौरान 2,500 यात्रियों को सेवाएँ प्रदान करने के लिये सुसज्जित होगी।
- यह सालाना 35 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करने के साथ-साथ कनेक्टिविटी में सुधार करेगी और इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।
- प्रधानमंत्री ने आईआईटी जोधपुर परिसर राष्ट्र को समर्पित किया। यह अत्याधुनिक परिसर 1135 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनाया गया है, जो अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार पहलों का समर्थन करने के लिये उच्च गुणवत्ता वाली समग्र शिक्षा प्रदान करने और बुनियादी ढाँचे के निर्माण की दिशा में एक कदम है।
- राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुनियादी ढाँचे के उन्नयन के लिये, प्रधान मंत्री ने 'केंद्रीय उपकरण प्रयोगशाला', स्टाफ क्वार्टर और 'योग और खेल विज्ञान भवन' राष्ट्र को समर्पित किया।
- वह राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में केंद्रीय पुस्तकालय, 600 छात्रों की क्षमता वाले छात्रावास और छात्रों के लिये भोजन कक्ष सुविधा की आधारशिला रखी।
- राजस्थान में सड़क बुनियादी ढाँचे में सुधार लाने वाले कदम के तहत, प्रधानमंत्री ने एनएच-125ए पर जोधपुर रिंग रोड के कारवाड़ से डांगियावास खंड को चार लेन बनाने सहित कई सड़क विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी; जालोर (एनएच-325) के रास्ते बालोतरा से सांडेराव खंड के प्रमुख शहरी भागों के सात बाईपास का निर्माण; एनएच-25 के पचपदरा-बागुंडी खंड को चार लेन बनाने की परियोजना समेत विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया।
- ये सड़क परियोजनाएँ लगभग 1475 करोड़ रुपए की संचयी लागत से बनाई जाएंगी। जोधपुर रिंग रोड शहर में यातायात के दबाव को कम करने और वाहन प्रदूषण को कम करने में मदद करेगा।
- यह सभी परियोजनाएँ क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार और व्यापार को बढ़ावा देने के साथ-साथ रोज़गार सृजन करेंगी और आर्थिक विकास में मदद करेंगी।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने राजस्थान में दो नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाई। इनमें जैसलमेर को दिल्ली से जोड़ने वाली एक नई ट्रेन - रुणिचा एक्सप्रेस और मारवाड़ जंक्शन को खंबली घाट से जोड़ने वाली एक नई हेरिटेज ट्रेन शामिल है।
- रुणिचा एक्सप्रेस जोधपुर, डेगाना, कुचामन सिटी, फुलेरा, रींगस, श्रीमाधोपुर, नीम का थाना, नारनौल, अटेली, रेवाड़ी से होकर गुज़रेगी, जिससे राष्ट्रीय राजधानी के साथ सभी शहरों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा।
- मारवाड़ जं.-खांबली घाट को जोड़ने वाली नई हेरिटेज ट्रेन पर्यटन को बढ़ावा देगी और क्षेत्र में रोजगार पैदा करेगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prime-minister-laid-the-foundation-stone-of-several-projects-worth-about-rs-5000-crore-in-jodhpur